# श्री राजाराम चेतना डिग्री कॉलेज

चतुरपुर(छतोह), तहसील-सलोन, जिला-रायबरेली, उ०प्र०-229307
Mob- No- 9810765075

क्र०: ............ दिनांक : 20/07/2024

कुल सचिव का कार्यालय
डाक प्राप्ति
संख्या 7946
तिथि 20/07/24
लखनऊ विश्वविद्यालय
लखनऊ-226007

सेवा में,

कुल सचिव
लखनऊ विश्वविद्यालय,
लखनऊ

विषय - बी०ए० एवं बी०एस०सी० पाठ्यक्रम में आचार्य और सहायक आचार्यों के पदों पर चयन हेतु विज्ञापन को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर प्रकाशित / निकलवाने के सन्दर्भ में।

महोदय, सानुग्रह निवेदन है कि श्री राजाराम चेतना डिग्री कालेज इस सत्र में बी०ए० और बी०एस०सी० में कक्षाएं प्रारम्भ हेतु प्रयासरत है अतः आपसे निवेदन है कि विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर विज्ञापन को प्रकाशित करवाने की कृपा करें।

इंचार्ज (वेबसाइट)

सादर धन्यवाद।

20/7/2024
PA TO REGISTRAR

भवदीय

Ritaverma

प्रबन्धक
प्रबन्धक
श्री राजाराम चेतना डिग्री कालेज
चतुरपुर (छतोह), सलोन, रायबरेली (उ०प्र०)
श्री राजाराम चेतना कॉलेज, सलोन
रायबरेली

संलग्नक -
1. समाचार पत्र में प्रकाशित विज्ञापन की प्रति
2. अनापत्ति प्रमाण पत्र की प्रति।

# हनुमान जी के आशीव
# देश बनेगा भारत

रायबरेली,२४ अप्रैल। भाजपा नेता एवं सुप्रीम कोर्ट अधिवक्ता अजय अग्रवाल ने हनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर पर हनुमत कृपा सेवा समिति द्वारा रायबरेली के अति प्राचीन



एवं अति मान्यता प्राप्त भगवान हनुमान के मनोकामना हनुमान मंदिर में आयोजित

भंडारे में प्रसाद कहा कि बजरंग इस बार रायबरेली उन्होंने आगे कहा अनुसार हनुमान साल चैत्र शुक्ल दिन मनाया जाता

# एक्यूप्रेशर दिव्य पद्धति से मि

रायबरेली,२४ अप्रैल। रिफार्म क्लब परिसर में चल रहे एक्यूप्रेशर चिकित्सा शिविर में जानकारी देते हुए डा. भगवानदीन यादव ने बताया कि सुल्तानपुर खेड़ा निवासी संतोष कुमार दो साल से स्लिपडिस्क से परेशान थे, काफी इलाज कराने के बाद भी लाभ नहीं मिल पाया जो कमर का आपरेशन कराने की तैयारी कर रहे थे, वे घुरवारा के रामलौटन के माध्यम से रिफार्म क्लब आ पहुंचे उन्होंने सारी जानकारी बतायी उसके बाद एक्यूप्रेशर पद्धति से इलाज प्रारम्भ हुआ लगभग डेढ़ महीने में पचास प्रतिशत स्लिपडिस्क में लाभ मिला और जो टेढ़ी कमर थी

सीधी हो गयी। इस वहीं उन्होंने



यादव तथा उनकी बधाई दी कि से बच गए।

# गुरुजी एवं उनके पुत्र स्व. पं
# नारायण शुक्ला की मनाई पुण्य

रायबरेली, २४ अप्रैल । केंद्रीय कांग्रेस कार्यालय में स्वर्गीय शुक्ला गुरुजी एवं उनके पुत्र स्व जगदीश नारायण शुक्ला की गई। इस अवसर पर सैकड़ो लोगों ने उनके चित्र पर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर भंडारे का आयोजन


## श्री राजाराम चेतना डिग्री कालेज

चतुरपुर (छतोह), सलोन, रायबरेली (उ0प्र0)-229307
Email: srrcic@gmail.com

## आवश्यकता है

श्री राजाराम चेतना डिग्री कालेज चतुरपुर (छतोह) सलोन, जिला रायबरेली, उ0प्र0, पिन कोड– 229307 में निम्नलिखित पाठ्यक्रमों में यू0जी0सी0/राज्य सरकार/ लखनऊ विश्वविद्यालय में मानकानुसार योग्यताधारी शिक्षकों की आवश्यकता है। सभी पाठ्यक्रम/ विषयों में दो पद हेतु।

**प्राचार्य–** 1 पद।

**कला वर्ग (बी0ए0)–** हिन्दी, अंग्रेजी, भूगोल, प्राचीन इतिहास, राजनीति विज्ञान, समाजशास्त्र और शिक्षा शास्त्र।

**विज्ञान वर्ग (बी0एस0सी0)–** रसायन विज्ञान, जन्तु विज्ञान, वनस्पति विज्ञान, गणित और भौतिक विज्ञान।

उपरोक्त सभी विषयों/पाठ्यक्रमों के इच्छुक अभ्यर्थी विज्ञापन की तिथि से 15 कार्य दिवस तक उपरोक्त पते पर पंजीकृत डाक/ईमेल/ स्वयं उपस्थित होकर आवेदन कर सकते हैं।

सम्पर्क सूत्र– 9610765075

प्रबन्धक
श्री राजाराम चेतना डिग्री कालेज
चतुरपुर (छतोह),सलोन,रायबरेली (उ0प्र0)

दिनांक: डॉ0 रीता वर्मा
प्रबन्धक
श्री राजाराम चेतना डिग्री कालेज



## सरदार प्लाई एण्ड हार्डवेयर

पता – जिला अस्पताल के पास, गेट बी -रिफार्म क्लब के सामने
रायबरेली मो. 3450065606

◆ प्लाई ◆ बोर्ड ◆ ... दरवाजे
◆ प्लास्टिक दरवाजे ◆ ...
सनमाइका ◆ मॉड्यूलर किचन ◆ फैन्सी हार्डवेयर
आदि उचित रेट ...

CENTURYPLY · OSCAR PLYWOOD · Hettich

# कुलसचिव कार्यालय
## लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ–226007
(नैक द्वारा ए++ ग्रेड प्रत्यायित)

संदर्भ संख्या : 8/174 — /सम्ब.अनु./2024

दिनांक : 09/03/2024

सेवा मे,

प्रबन्धक,
राजाराम चेतना डिग्री कालेज,
सलोन, रायबरेली।

विषय : नवीन महाविद्यालय/पाठ्यक्रम/विषय की स्थापना/संचालन हेतु अनापत्ति प्रदान किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक शासनादेश संख्या 2103/सत्तर–2–2012–2(166)/2002, दिनाक 09.08.2012 मे वर्णित प्राविधानो के अन्तर्गत गठित समिति द्वारा सम्यक् विचारोपरान्त राजाराम चेतना डिग्री कालेज, चतुरपुर, सलोन, रायबरेली में बी0ए0 (शिक्षाशास्त्र, अंग्रेजी, भूगोल, इतिहास, राजनीति विज्ञान, समाजशास्त्र व हिन्दी) एवं बी0एस–सी0 (वनस्पति विज्ञान, जन्तु विज्ञान, रसायन विज्ञान, भौतिक विज्ञान व गणित) पाठ्यक्रम मे स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत शिक्षण कार्य प्रारम्भ करने हेतु निम्नलिखित शर्तो के अधीन अनापत्ति प्रदान कर दी गयी है जिनकी पूर्ति सहयुक्तता से पूर्व अपेक्षित होगी :–

1. सदर्भित पाठ्यक्रम का सचालन विश्वविद्यालय से सहयुक्तता प्राप्त होने के बाद ही किया जायेगा। सहयुक्तता प्राप्त किये बिना छात्रों के प्रवेश की कार्यवाही कदापि प्रारम्भ नही की जायेगी। यदि कोई महाविद्यालय सहयुक्तता प्राप्त किये बगैर प्रवेश की कोई कार्यवाही करेगा तो उसके विरूद्ध नियमानुसार वैधानिक कार्यवाही की जायेगी।
2. उपर्युक्त पाठ्यक्रम की सहयुक्तता की स्वीकृति तभी दी जायेगी जब सस्थान शासनादेश सख्या– 3075/सत्तर–2–2002–2 (166)/2002, दिनाक 27 सितम्बर, 2002, शासनादेश सख्या–3411/सत्तर– 2–2002–2(166)/2002, दिनाक 11 अक्टूबर, 2002, शासनादेश सख्या–193/सत्तर–2–2003–2 (166)/2002, दिनाक 13 जनवरी, 2003, शासनादेश सख्या–585मु.म./सत्तर–2–2005–2 (166)/2002, दिनाक 21 अक्टूबर, 2005 तथा शासनादेश सख्या–743मु.म./सत्तर–2–2006–2 (166)/2002, दिनाक 07 नवम्बर, 2006 तथा समय–समय पर जारी तत्सम्बन्धी शासनादेशो मे विनिर्दिष्ट मानको के अनुसार सभी आवश्यकताये एव औपचारिकताए पूर्ण कर लेगी।
3. सदर्भित सस्थान भविष्य मे भूमि, भवन अथवा अन्य किसी प्रकार की वित्तीय सहायता के लिये न तो शासन से माग करेगा और न ही उसके द्वारा किये गये किसी कार्य के कारण उत्पन्न हुई वित्तीय दायित्व की देनदारी राज्य सरकार की होगी। सस्थान के किसी दायित्व से राज्य सरकार का कोई सरोकार नही होगा।
4. राज्य सरकार एव विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित मानकों के अनुसार भूमि, भवन एव अन्य अवस्थापना सुविधाओ की उपलब्धता, सहयुक्तता से पूर्व सस्थान द्वारा की जायेगी।
5. सदर्भित पाठ्यक्रम मे स्टाफ के वेतन आदि पर पडने वाला समस्त व्यय भार सस्थान द्वारा वहन किया जायेगा एव सहयुक्तता के समय इस आशय की लिखित अण्डरटेकिंग भी प्रस्तुत करनी होगी।
6. सदर्भित पाठ्यक्रम का सचालन अनापत्ति प्रस्ताव के साथ प्रस्तुत भू–अभिलेखो मे उल्लिखित ग्राम चतुरपुर, तहसील सलोन, रायबरेली स्थित भूमि गाटा सख्या 661/0.39, 665/0.18, 670/0.21, 666/0.124, 667/0.104 व 674/0.0182, रकबा 10660 वर्गमीटर मे मानकानुसार निर्मित भवन मे सचालित किया जायेगा। अन्यत्र सचालित करने पर यह अनापत्ति आदेश स्वतः निरस्त समझा जायेगा। उक्त भूमि को सहयुक्तता के प्रस्ताव के पूर्व महाविद्यालय के नाम राजस्व अभिलेखो मे दर्ज किया जायेगा।
7. ट्रस्ट/सोसाइटी एक प्रबन्ध समिति का गठन कर लेगा और उसके सदस्य परस्पर सम्बन्धी नही होगे और भूमि महाविद्यालय के नाम विधित अन्तरित कर दी जायेगी।

कृपया उपर्युक्तानुसार अग्रेतर कार्यवाही करने का कष्ट करे।

भवदीय

(डा0 विनोद कुमार सिह)
कुलसचिव

सख्या /सम्बद्धता/2024, दिनांक :

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एव आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. विशेष सचिव, उच्च शिक्षा, उ0प्र0 शासन, लखनऊ।
2. क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, आशियाना, लखनऊ।
3. गार्ड फाईल।

कुलसचिव

प्रबन्धक
श्री राजाराम चेतना डिग्री कालेज
चतुरपुर (छतोह), सलोन, रायबरेली (उ.प्र.)